प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 01.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीर बीमारियों से ग्रसित बंदियों की समय से पूर्व रिहाई के लिये नियमों को सरल और स्पष्ट बनाने की आवश्यकता पर दिया जोर।
2. उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज बांदा मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक की : कहा– डॉक्टरों की कमी को किया जायेगा शीघ्र पूरा।
3. प्रदेश के सभी जनपदों में नो हेलमेट–नो फ्यूल विशेष सड़क सुरक्षा अभियान आज से शुरू : लोगों को हेलमेट पहनने के महत्व और ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिये किया गया प्रेरित। और
4. प्रदेश में रुक–रुक कर हो रही वर्षा का सिलसिला जारी : बारिश के चलते कई जनपदों में आज कक्षा एक से 12 तक के सभी स्कूल रहे बंद।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीर बीमारियों से ग्रसित बंदियों की समय से पूर्व रिहाई के लिये नियमों को सरल और स्पष्ट बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। कारागार प्रशासन और सुधार सेवाओं की आज हुई समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि असाध्य रोगों से ग्रसित और

वृद्ध बंदियों के मामले में संवेदनशील निर्णय लिये जाने चाहिये। एक रिपोर्ट.....

*समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पात्र बंदियों की रिहाई स्वतः विचारधीन होनी चाहिये और इसके लिये उन्हें अलग से आवेदन न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेल मैनुअल को स्पष्ट रूप से परिभाषित करते हुए यह ध्यान रखा जाये कि समाज की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिये समयपूर्व रिहाई उन्हीं मामलों में की जानी चाहिये, जहां सामाजिक जोखिम न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि हत्या, आंतकवाद, देशद्रोह तथा महिलाओं और बच्चों के विरूद्ध जघन्य अपराध जैसे मामलों में रिहाई कतई नहीं की जानी चाहिये। समाचार कक्ष से सुषमा कुकरेती।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जन शिकायतों और समस्याओं के समाधान में लापरवाही किसी भी दशा में अक्षम्य है। लखनऊ में कल देर रात अपने आवास से श्री यागी प्रदेश की कानून व्यवस्था, आईजीआरएस, सीएम हेल्प लाइन, आगामी त्योहारों की तैयारियों और बाढ़ की स्थिति पर सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता बरती जाये। उन्होंने कहा कि हर पीड़ित की भावना का सम्मान करते हुए पूरी संवेदना के साथ उसकी समस्या, का समाधान सुनिश्चित किया जाए। श्री योगी ने बेटियों की सुरक्षा को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए सभी जिलों में

एन्टी रोमियो स्क्वाड को और सक्रिय करने के भी निर्देश दिए।

---

पदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज बांदा में रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के सभागार में प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निदंश दिये। बाद में पत्रकारों से बात करते हुए श्री पाठक ने कहा कि बांदा मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की कमी को शीघ्र पूरा किया जायेगा। बाइट.....

*हर दृष्टि से बांदा नंबर एक पर आये।इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। जो भी कमियाँ यहाँ है उनको शीघ्र ऐसी शीघ्र दुरुस्त करने के लिए कहा गया है। जो चिकित्सकों के पद खाली है। सीएमओ और जिलाधिकारी महोदय को अधिकार दिया गया है की वाक इंटरव्यू के माध्यम से तत्काल उन्हें भर्ती करे। जो मेडिकल कॉलेज में आवश्यकता है वो प्राचार्य महोदय से कहा गया है। तत्काल आपको अधिकार दिया जाता है कि तत्काल वा इंटरव्यू करके उनको तत्काल पूर्ति करें। बांदा में किसी को कोई भी समस्या स्वास्थ्य के लिहाज से नहीं होनी चाहिए। एमबीबीएस और एमडी के बच्चों की पढ़ाई के लिए पूरा ध्यान देना है।*

---

प्रदेश के सभी जनपदों में आज से ना हेलमेट–नो फ्यूल विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। 30 सितम्बर तक चलने वाला यह अभियान जिलाधिकारी के नेतृत्व में जिला सड़क सुरक्षा समिति के समन्वय से चलाया

जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभियान को सफल बनाने की अपील करते हुए कहा कि नो हेलमेट–नो फ्यूल का उद्देश्य किसी को दंडित करना नहीं है, बल्कि हर नागरिक को कानून के अनुरूप सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिये प्रेरित करना है। लखनऊ, बागपत और कौशाम्बी सहित सभी जनपदों में पेट्रोल पम्पों पर परिवहन, पेट्रोलियम और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट के लिये प्रेरित करती नजर आयी। प्रदेश के परिवहन आयुक्त बृजेश नारायण सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाले जनहानि के प्रतिशत को कम करने के लिये यह अभियान कारगार सिद्ध होगा। बाइट.....

*सबसे अधिक घटनाएं टू व्हीलर्स की हो रही हैं और टू व्हीलर्स में हम देखते हैं कि रेकलेसली ड्राइव कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में हम लोगों ने कुछ महीने पहले भी जो है एक अभियान चलाया थाजिसमें हेलमेट पहनना मैंडेटरी था और बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं मिलना था। इस बार पुनः जो है ये अभियान एक महीने के लिए चला रहे हैं।*

गाजियाबाद में पेट्रोल पम्पों पर नो हेलमेट–नो फ्यूल अभियान की शुरूआत करते हुए एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद राय और ट्रैफिक इंस्पेक्टर संतोष चौहान ने लोगों को हेलमेट पहनने के महत्व और ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिये प्रेरित किया। श्री राय ने बताया......

*लोगों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य जो है पूरी जॉइंट टीम आरटीओ डिपार्टमेंट से सप्लाई विभाग से और ट्रैफिक विभाग से जो है हम लोग आंदोलन चला रहे हैं। आज ये पहला दिन है और इस अभियान को हम*

*लोग और तेजी करेंगे। इसमें ये भी शिकायतें आ रही है कि कुछ लोग जो हेलमेट भी नहीं पहने और तेल के लिए बदतमीजी करते हैं तो ऐसे लोगों से अनुरोध है पेट्रोल पंप मालिकों से भी की वो एक सौ बारह पीआ फोन करके ऐसे लोगों के खिलाफ कार्य करें ताकि उनके विरूद्ध भी पुलिस कार्रवाई कर सके।*

---

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

---

केंद्र सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार तरक्की कर रहा है, उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के साथ 25 करोड़ जनता को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने मथुरा के वृन्दाबन में आज स्वामी हरिदास संगीत और नृत्य महोत्सव के उद्घाटन सत्र में कहा कि स्वामी हरिदास जी महाराज भारतीय शास्त्रीय संगीत की ऐसी अनन्य विभूति हैं, जिन्होंने अपनी भक्ति से रसभाव की प्रधानता को बढ़ावा

दिया। उन्होंने कहा कि आज देश के युवा भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने में योगदान कर रहे हैं।

——————————

सर्वोच्च न्यायालय ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण के देशव्यापी कार्यान्वयन को चुनौती देने वली जनहित याचिका आज खारिज कर दी। याचिका में लाखों वाहन मालिकों को उनके वाहनों के लिए डिज़ाइन नहीं किए गए ईंधन का उपयोग करने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया गया था। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने याचिका में दिए गए तर्कों को खारिज कर दिया। इसमें पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय को सभी ईंधन स्टेशनों पर एथेनॉल–मुक्त पट्रोल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देने की मांग की गई थी। इस बीच, केंद्र सरकार न याचिका का विरोध करते हुए कहा है कि 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित ईंधन, गन्ना किसानों के लिए लाभदायक है।

——————————

व्यावसायिक उपयोग के लिए एलपीजी सिलेंडर की कीमत आज से इक्यावन रुपये पचास पैसे कम हो गई है। वहीं, चौदह दशमलव दो किलोग्राम के घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

——————————

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने शाहजहांपुर से वाराणसी के लिये सीधी बस सेवा शुरू कर दी है। 511 किलोमीटर लम्बे इस रूट पर प्रति दिन सुबह साढ़े दस बजे शाहजहांपुर बस अड्डे से वाराणसी के लिये बस रवाना होगी। इसके साथ ही खुदागंज से लखनऊ के लिये भी सीधी बस सेवा शुरू की गई है।

—————————

पैगंबर ए इस्लाम मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन की कर्बला में हुई शहादत की याद में मनाए जाने वाले ग़म के आखिरी दिन आज लखनऊ में चुप ताजिया का जुलूस निकाला गया। ज़लूस के पहले मौलाना कल्बे जवाद ने कर्बला दियानतुद्दौला में अलविदाई मजलिस को संबोधित किया। इसके बाद ताजिया और आलम का जुलूस ग़मज़दा माहौल में निकला। जुलूस के मद्देनजर चप्पे चप्पे पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे।

—————————

उत्तर प्रदेश की पहली महिला हैंडबॉल खिलाड़ी नैना यादव का आज वाराणसी पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। नैना ने दो एशियाई हैंडबॉल चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। बाबतपुर हवाई अड्डे पर उनके स्वागत के लिए प्रशंसकों, स्थानीय खेल प्रेमियों और परिवारजनों की भारी भीड़

उमड़ी। फूल–मालाओं और उत्साहपूर्ण नारों के साथ नैना का अभिनंदन किया गया।

———————

प्रदेश में राजधानी लखनऊ सहित विभिन्न जनपदों में कल रात से रुक–रुक कर हो रही बारिश का सिलसिला आज भी जारी है। कई जनपदों में बारिश क कारण कक्षा एक से 8 तक के सभी स्कूल बंद रहे। पीलीभीत, बदायूं, मुजफ्फरनगर, मैनपुरी, अमरोहा, शामली, शाहजहांपुर सहित कई जनपदों में बारिश से जनजीवन प्रभावित हैं, वहीं कई नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। मथुरा में यमुना और बाराबंकी में सरयू नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि 2 सितम्बर के बाद से वर्षा की तीव्रता में कमी आयेगी। बाइट....

*कल भी कुछ इसी तरीके का एक आध दो इस बारिश होने की संभावना है। बाकी परसों से धीरे धीरे मौसम में हल्की हल्की जो धूप निकलना स्टार्ट होगा और थोड़ा बारिश में परसों से थोड़ी कमी देखने को मिल सकती है। हालांकि बादलों की आवाज़ाही बनी रहेगी।*

(समाप्त)